हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 04 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देशभर में अगले पांच से सात वर्ष में रेल यात्रा अभूतपूर्व बदलाव से गुजरने के लिए तैयार है। नई प्रौद्योगिकियों, आधुनिक रेलगाड़ियों की शुरुआत और अगले वर्ष विद्युतीकरण पूरा होने के साथ ही रेलवे का कायाकल्प हो जाएग। श्री वैष्णव ने कल शाम केरल के कोझिकोड में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

रेल मंत्री ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना के अंतर्गत एक लाख करोड़ रुपये की लागत से एक हजार 334 स्टेशनों को नया रूप दिया जा रहा है, जिनमें से एक हजार 100 स्टेशनों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत की विशाल रचनात्मक क्षमता का लाभ उठाने के लिए सरकार देश के विभिन्न हिस्सों में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करने की योजना बना रही है।

****
****

भारतीय रेलवे त्योहारों को देखते हुए दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से देश के विभिन्न भागों के लिए आज 25 विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि छठ पूजा के लिए यात्रा सुगम बनाने हेतु आज भारतीय रेल द्वारा देश भर से कुल 185 रेल गाड़ियों के परिचालन की व्यवस्था की गई है। ये रेलगाड़ियां अमृतसर, आनंद विहार, भटिंडा, दिल्ली, नई दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, उधना, तिरुपति, चेन्नई जैसे शहरों से चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा यात्रियों के लिए आरामदायक यात्रा सुनिश्चित की जा सके। श्री दिलीप

कुमार ने बताया कि भीड को देखते हुए सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण स्टेशनों पर राजकीय रेल पुलिस, रेल सुरक्षा बल के जवान और रेल सेवकों की तैनाती की गई है।

****

हरियाणा सरकार ने नये सिरे से जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समितियों के अध्यक्षों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है।

मुख्य सचिव के कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुग्राम जिला लोक सम्पर्क एवं परिवाद समिति के अध्यक्ष होंगे।जबकि ऊर्जा मंत्री अनिल विज कैथल व सिरसा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार हिसार व रोहतक, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह नूंह व फरीदाबाद तथा शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को भिवानी व जींद जिलों की जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समितियों के अध्यक्षों की जिम्मेदारी संभालेंगे।इसी तरह राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल को रेवाड़ी व पंचकूला, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा को महेंद्रगढ़, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा को चरखी दादरी व झज्जर, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा को अंबाला व करनाल, सामाजिक न्याय,एवं अधिकारिता, मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को पानीपत व यमुनानगर, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी को फतेहाबाद तथा स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव को पलवल जिलों की जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समितियों के अध्यक्षों की जिम्मेदारी दी गई है।
इसके ईलावा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर को कुरुक्षेत्र तथा युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम को सोनीपत जिले की जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समितियों का अध्यक्ष बनाया गया है।

****
****
हरियाणा राजभवन में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आज शाम को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय करेंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद जलपान का आयोजन भी होगा।

****
****
कैथल के गुहला चीका में आज अल सुबह एक घर में गैस सिलेंडर के फटने से एक भीषण धमाका हुआ, जिसने घर की पूरी इमारत को तहस-नहस कर दिया। इस हादसे में 16 वर्षीय कोमल और डेढ़ साल की रूही की जान चली गई।मिली जानकारी के अनुसार धमाका घर के एक हिस्से में हुआ, जिससे एक तरफ की दीवार पूरी तरह ढह गई और मकान का लेंटर नीचे लटक गया। धमाके के समय मकान मालिक बलवान सिंह की पत्नी सुमिता अपनी बेटी कोमल, बहू सपना और पोती रूही के साथ एक कमरे में सोई हुई थीं। इस हादसे में कोमल और रूही की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बहू सपना गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद गुहला के उप पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह और चीका थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने मौके का मुआयना किया और राहत कार्य शुरू करवाया।उप पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि हादसे की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है।

****
****
अम्बाला जिले की 15 मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 5 लाख 40 हजार 398 टन से अधिक धान की खरीद की गई है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि इन मंडियों में अब तक 88 हजार 759 किसान 5 लाख 57 हजार 585 टन से अधिक धान लेकर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि अहम पहलू है कि इन मण्डियों में एजेंसियों द्वारा 4 लाख 63 हजार 386 टन धान के

उठान कार्य को पूरा कर लिया गया हैं।उन्होंने कहा कि किसानों की फसल के भुगतान राशि निर्धारित समयावधि के अन्दर उनके खातों में जमा करवाने के आदेश दिए गए हैं।

****
****